जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

उदयपुर

Rashtradoot

फोनः- 2418945 फैक्सः- 0294-2410146 वर्षः 31 संख्याः 344 प्रभात उदयपुर, बुधवार 16 अक्टूबर, 2024 आर.जे. 7202 पृष्ठ 6 मूल्य 2.50 रु.

## हम अंतर्राष्ट्रीय कम्पनियों की सप्लाई चेन का विश्वसनीय साथी बनना चाहते हैं-भजनलाल

### म्यूनिख में दूसरे दिन एल्बैट्रॉस, पार्टेक्स, एनवी, वेउली, टेक्निक्स और इगो श्मिट्ज के साथ एम.ओ.यू.



*राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल ने जर्मनी यात्रा के दौरान जर्मनी के कारोबारियों से मुलाकात की। इस दौरान राज्य की उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी भी उनके साथ थीं।*

- जर्मन कम्पनियों ने ऑटोमोबाइल, ई.एस.डी.एम., सप्लाई चेन व लॉजिस्टिक्स, पर्यटन, पेट्रोलियम, खान-खनिज, अक्षय ऊर्जा, रक्षा व पैकेजिंग आदि क्षेत्रों में रुचि दिखाई।
- म्यूनिख समय के अनुसार शाम को राइज़िंग राजस्थान टूरिज़्म मीट में राज्य में पर्यटन क्षेत्र की संभावनाओं को जर्मन निवेशकों को दर्शाया गया।

म्यूनिख, 15 अक्टूबर। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान सरकार के उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने अपनी जर्मनी यात्रा के दूसरे दिन आज म्यूनिख में "राइज़िंग राजस्थान" इन्वेस्टर रोड शो में भाग लिया और जर्मनी के निवेशकों और इनोवेटर्स को राजस्थान में इकाइयाँ लगाने के लिए आमंत्रित किया। इन्वेस्टर रोड शो को संबोधित करते हुए, मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने जर्मनी के व्यावसायिक जगत और कारोबारी समूह से राजस्थान के ऑटोमोबाइल, ई.एस.डी.एम., सप्लाई चेन एवं लॉजिस्टिक्स, पर्यटन, पेट्रोलियम, खान एवं खनिज, अक्षय ऊर्जा, रक्षा, पैकेजिंग जैसे विभिन्न क्षेत्रों में निवेश का आ ान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि "राइज़िंग राजस्थान" ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 की घोषणा के दो महीने के भीतर ही, अब तक 15 लाख करोड़ रुपये से अधिक के एम.ओ.यू. पर हस्ताक्षर किये जा चुके हैं।

"राइज़िंग राजस्थान" इन्वेस्टर रोड शो के दौरान, जर्मनी के निवेशकों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कहा, "मैं आप सभी से

( शेष पृष्ठ 5 पर )

## भाजपा के संगठनात्मक चुनावों की तैयारी शुरु

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

- पार्टी अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने चुनाव आयोजन के लिए एक पीठासीन अधिकारी व तीन सह पीठासीन अधिकारियों की नियुक्ति की घोषणा की।

नई दिल्ली, 15 अक्टूबर। भाजपा राष्ट्रीय कार्यकारिणी के निर्णय के अनुसार, पार्टी अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने पार्टी के संगठनात्मक चुनावों

( शेष पृष्ठ 5 पर )

## 'नौकरी दो, नशा नहीं'

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

- युवा कांग्रेस के नवनिर्वाचित अध्यक्ष उदय भानु छिब ने दिल्ली से, बेरोज़गारी व नशे के खिलाफ आंदोलन की शुरुआत की।

नई दिल्ली, 15 अक्टूबर। भारतीय युवा कांग्रेस के नव-निर्वाचित अध्यक्ष उदय भानु चिब ने मंगलवार को "नौकरी दो, नशा नहीं" के नारे के साथ दिल्ली

( शेष पृष्ठ 5 पर )

## महाराष्ट्र और झारखंड का चुनाव कार्यक्रम घोषित

### चुनाव अयोग ने कहा, महाराष्ट्र में 20 नवम्बर को एक ही चरण में तथा झारखंड में 13 व 20 नवम्बर को, दो चरणों में मतदान होगा

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

- चुनाव आयोग ने बताया कि 47 विधानसभा सीटों तथा वायनाड लोकसभा सीट का उपचुनाव 13 नवम्बर को होगा। चुनाव नतीजे 23 नवम्बर को घोषित किए जाएंगे।
- केरल वायनाड लोकसभा सीट, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के इस्तीफा देने से रिक्त हुई है। यहाँ से कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी चुनाव लड़ेंगी।
- राजनैतिक पंडितों की नज़र महाराष्ट्र चुनाव पर है, जहाँ सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन कई चुनौतियों से जूझ रहा है। इस गठबंधन की प्रमुख पार्टी भाजपा तो, हरियाणा चुनावों की जीत के बाद भारी जोश में है, पर, सहयोगी दलों की हालत पतली है।
- विपक्षी गठबंधन, महाराष्ट्र विकास अघाड़ी की प्रमुख पार्टी कांग्रेस की हरियाणा में हुई अप्रत्याशित हार से हताश है और सहयोगी दल शिव सेना व एन.सी.पी. सीटों के बंटवारे में कांग्रेस पर दबाव बनाने की कोशिश करने में लगे हैं।

नई दिल्ली, 15 अक्टूबर। चुनाव आयोग ने घोषणा की है कि महाराष्ट्र के विधानसभा चुनाव 20 नवम्बर को एक ही चरण में होंगे। वहीं, झारखंड के चुनाव 13 एवं 20 नवम्बर को दो चरणों में होंगे। नतीजों की घोषणा 23 नवम्बर को होगी।

इसके अलावा 47 विधानसभा सीटों और वायनाड लोकसभा सीट का उपचुनाव 13 नवम्बर को होगा। वायनाड सीट लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने रिक्त की है, क्योंकि वे दो सीटों से चुनाव जीते थे। वायनाड सीट से कांग्रेस महासचिव प्रियंका कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ेंगी।

चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए बताया, महाराष्ट्र में 9.63 करोड़ योग्य मतदाता हैं, वहीं, झारखंड में योग्य मतदाताओं की संख्या 2.6 करोड़ है।

हरियाणा चुनाव में लगातार तीसरी जीत से उत्साहित भाजपा महाराष्ट्र चुनाव में नई ताकत से मैदान में उतरेगी, जबकि उसके सहयोगी दल शिव सेना (शिंदे गुट), एन.सी.पी. (अजीत पवार गुट) मुश्किल हालात से जूझ रहे हैं।

आरक्षण के मुद्दे पर मराठाओं और ओ.बी.सी. के आंदोलन, सोयाबीन एवं गन्ना किसानों के असंतोष से लेकर हालिया लोकसभा चुनाव की हार और गठबंधन सहयोगियों के आपसी टकराव सहित सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन कई चुनौतियों से जूझ रहा है। यही नहीं, महायुति सरकार कानून व्यवस्था व इन्फ्रास्ट्रक्चर ठप्प होने से भी त्रस्त है। हाल ही में एन.सी.पी. नेता बाबा सिद्दीकी की गोली मारकर हत्या कर देना बिगड़ती कानून व्यवस्था का उदाहरण है।

विपक्षी मोर्चे की बात करें तो महाराष्ट्र विकास अघाड़ी की प्रमुख पार्टी कांग्रेस हरियाणा की हार से हताश है और शिव सेना (उद्धव बाल ठाकरे), एन.सी.पी. (शरद पवार) के साथ सीटों बंटवारे में कांग्रेस का पक्ष कमजोर पड़ा

( शेष पृष्ठ 5 पर )




के.एस. मोटर्स प्रा. लि.: एम. आई. रोड: 7574808728, वैशाली नगर: 07942530977, वी.के.आई. रोड़ नं0 5: 9783384408, ( ब्रांच ):- कोटपुतली: 8852884871, 9166409090, शाहपुरा: 9001238949, 9461671901, लालसोट: 9414570752, महुआ: 9829552732, बस्सी: 7574808728, दूदू: 9929236333, विराटनगर: 9929373114, बांदीकूई: 9414517132, जोबनेर: 8094582000, जैतपुरा: 9460466992, 9828150910, दौसा: 8233279427, 9414045855, जयपुर: ऑटो वर्ल्ड टोंक रोड, प्रतापनगर: 8929653907, राजापार्क: 8929653907, ( ब्रांच ):- सवाईमाधोपुर: 8929653907, गंगापुरसिटी: 8929653907, टोंक: 8929653907, अलवर: जे.एस. फोरव्हील मोटर्स प्रा. लि. अलवर, बहरोड़, करौली: 8302658892, भिवाड़ी: 9289464947, धौलपुर/भरतपुर: 9625374409, सीकर: गहलोत मोटर्स प्रा. लि. सीकर: 9414039978, 9983086958, श्रीमाधोपुर: 7412074594, झुंझुनूं: 9414059948, उदयपुरवाटी: 9414039952, चिडावा: 7412049988, खेतड़ी: 9983560927, नीम का थाना: 9414033482, बीकानेर: बीकानेर मोटर्स प्रा. लि. बीकानेर/चूरू/सुजानगढ़: 8527241179 , उदयपुर: के.एस. ऑटोमोबाईल्स प्रा. लि. उदयपुर: 7574808555, आईओसी पेट्रोल पम्प, गोवर्धन विलास, उदयपुर: 9001317899, प्रतापगढ: 7727087373, 9001897397, बांसवाड़ा: 7727011069, 9773316278, 9773318630, 9773326964, 9950207844, डूंगरपुर: 9001297956, 8233009909, सागवाड़ा: 7726006927, 9929958164, चित्तौड़गढ़: 8003093548, 8233009810, 9001799790, 9773396753, 9116629684, प्रतापगढ़: 7727087373, 9001897397, रावतभाटा: 8233009810, आबूरोड़: 9116504111, 9928040209, सिरोही: 9929958177, 7727083939, 8529080964, भीलवाड़ा: भीलवाड़ा एग्रो ऑटो सर्विस ( प्रा. ) लि. भीलवाड़ा/बिजोलिया/राजसमन्द/भीम: 8875016206, कोटा: एवरग्रीन मोटर्स कोटा: 9654126004, 9928911655, क्यूब: 9654126004, 9829029755, बूंदी: 9654126004, 9829226555, बारां: 9654126004, 9829226655, झालावाड़: 9654126004, 9928922755, अजमेर: परम ऑटोमोबाईल्स प्रा. लि. अजमेर: 9205995747, किशनगढ़: परम महिंद्रा किशनगढ़: 9205995747, 9521815789, नागौर: नागौर ऑटोमोबाईल्स प्रा. लि. नागौर: 7291983310, 8003899701, ( ब्रांच ) मेड़ता : 7291983310, 9414119003, डेगाना : 7291983310, 9414603205, कुचामन सिटी : 7291983310, 9413385702, डीडवाना : 7291983310, 9829146228, छोटी खाटू : 8239343536, लाडनूं: 7291983310, 9314014841, गंगानगर: वी. डी. मोटर्स प्रा. लि. श्रीगंगानगर: 9672078696, 9672078697, 9414093025, 9414093041, सूरतगढ: 9672064445, 9414093016, अनूपगढ़: 9414093027, हनुमानगढ़: 9214093020, 9672064447, 9672058887, नोहर: 9672028885, जोधपुर: ओ. एस. मोटर्स जोधपुर: 9413078666, 7791960164, बाड़मेर: 7023067805, बालोतरा: 9664251725, जैसलमेर: 7340105190, फलोदी: 9413660844, पाली: 9610078677, सुमेरपुर: 9784839760, जालौर: 9772708668, भीनमाल: 9829809490, सांचौर: 9602664390, जैतारन : 9024835145, बासनी : 9784882022